

# रेलवे में दूषित खाद्य सामग्री की बिक्री का खुलासा

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सील किया प्रतिष्ठान, मौके पर नष्ट कराए गए 300 समोसे

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवंबर. सतना रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाले रेल यात्रियों को यदि यह मालुम हो जाए कि जिस समोसे को वे चटखारे लेकर खा रहे हैं वह कहां और किन परिस्थितियों में बनते हैं, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी.**

गंदे बदबूदार बर्तन, जला हुआ तेल, कमरे में पसरी चौतरफा गंदगी और पास में ही बहता हुआ नाला यह बताने के लिए काफी है कि रेल यात्रियों के लिए जिस स्थान पर समोसे तैयार किए जा रहे हैं दरअसल वह किसी नर्क से कम नहीं दिखता है. मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने न सिर्फ उक्त प्रतिष्ठान को सील कर दिया बल्कि वहां पर मौजूद समोसे को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया.शहर के पुराने नगर निगम



कार्यालय मार्तण्ड काम्प्लेक्स में निचले तल पर समोसे बनाने का एक प्रतिष्ठान संचालित था. सुरश कुमार साहू द्वारा संचालित इस प्रतिष्ठान में हर रोज खासी मात्रा में समोसे तैयार किए जाते थे. यहां से तैयार समोसों को रेलवे स्टेशन भेजा जाता था. जहां पर उन्हें रेल यात्रियों को बेचा जाता था. उक्त समोसा बनाने वाले प्रतिष्ठान के संबंध में मिली शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर, शीतल सिंह, अशोक कुर्मी और श्रीमती सीमा पटेल की टीम शुक्रवार को मौके पर पहुंच गई और जांच शुरु की. जिस स्थान पर समोसे बनाए जा रहे थे वहां की परिस्थितियों को देखकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी हैरान रह गए. समोसे बनाए जाने वाले स्थान और आस पास बेहद गंदगी फैली हुई थी. आधे तले हुए समोसों को साफ बर्तन में रखने के बजाए गंदी प्लास्टिक बोरियों में रखा गया था. समोसे तलने के लिए उपयोग की जाने वाली कड़ाही औी भट्टी दोनों पर मोटी चिकनाई जमी हुई थी. जिसे देखकर साफ अंदाजा लगा रहा था कि कड़ाही और भट्टी दोनों की लंबे समय से सफाई तक नहीं की गई है. इतना ही नहीं बल्कि वहां पर मौजूद कर्मचारी भी न सिर्फ गंदे कपड़े पहने हुए मिला बल्कि उसके हाथ भी अस्वच्छ थे. साफ-सफाई का दूर दूर तक नाम-ओ-निशान तक नजर नहीं आ रहा था. प्रतिष्ठान के अंदर जगह जगह पानी भरा हुआ था जो की संक्रमण फैलने का बड़ा खतरा था. इसके अलावा जो सबसे अधिक चौंकाने वाला पहलू सामने आया वह यह रहा कि जिस स्थान पर समोसे बनाए जा रहे थे वहीं पास में खुला नाला/सीवर बह रहा था. लिहाजा वहां की परिस्थितियां स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक पाई गईं.

### मोबाइल बंद कर हुआ नदारद

बेहद गंदी परिस्थितियों में समोसा बनता देख खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा यह जानकारी ली गई कि यहां से बनने के बाद इन समोसों की सप्लाई कहां पर होती है. पूछे जाने पर संचालक सुरेश ने बताया यह समोसे रेलवे स्टेशन के अंदर सचिन गुप्ता को सप्लाई किए जाते हैं. यह जानकारी सामने आने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सचिन को मौके पर तलब किया. लेकिन सचिन वहां पर पहुंचने के बजाए नदारद हो गया. इतना ही नहीं बल्कि उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया. जिसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य तेल के नमूने लिए और वहां पर मौजूद 300 सामोसों को मौके पर ही नष्ट करा दिया. इसी कड़ी में उक्त प्रतिष्ठान को सील कर दिया

### नष्ट कराई खराब चासनी

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सत्यम स्वीट्स एण्ड रेस्टारेंट में भी जांच शुरु की. जहां पर खराब चासनी पाए जाने पर उसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया. उक्त प्रतिष्ठान में भी साफ-सफाई की स्थिति बेहद असंतोषजनक पाई गई. जिसे देखते हुए समोसा, खोवे की मिठाईयों, बेसन और मोतीचूर के लड्डू के नमूने एकत्र किए गए. अनियमितता को देखते हुए दुकान संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया. मामले का काबिलेगौर पहलू यह भी रहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच होती देख काम्प्लेक्स में खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले कई अन्य संचालक अपनी-अपनी दुकानों का शटर गिराकर वहां से भाग निकले.



# तीन ज्वैलरी दुकानों पर एंटी एवीजन ब्यूरो की दबिश

## 25 सदस्यीय टीम ने जब्त किए दस्तावेज

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवम्बर. सतना शहर में कर चोरी के खिलाफ राज्य जीएसटी एंटी ईवेजन ब्यूरो ने शुक्रवार शाम को एक साथ तीन प्रतिष्ठानों में दबिश दी। सतना डिवीजन के उपायुक्त उमेश त्रिपाठी के नेतृत्व में 25 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने शहर के तीन प्रमुख ज्वैलरी प्रतिष्ठानों, न्यू कान्हा ज्वैलर्स, कान्हा ज्वैलर्स और आनंद ज्वैलर्स पर एक साथ दबिश दी।**

इस कार्रवाई में टीम ने प्रतिष्ठानों के ट्रेडिंग अकाउंट्स, बिक्री रिकॉर्ड्स और जीएसटी से संबंधित सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। कार्रवाई रात 9.30 बजे तक चली और इस दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को भी जांच जारी रहने की संभावना है। प्रारंभिक जांच में जीएसटी चोरी के गंभीर मामलों का पता चला है। इस छापेमारी से न केवल कर चोरों में दहशत का माहौल है, बल्कि अन्य व्यवसायियों के बीच भी सतर्कता बढ़ गई है।

### 30 लाख सरेंडर की संभावना

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, तीनों प्रतिष्ठानों से लगभग 30 लाख रुपये की राशि सरेन्डर की जा सकती है। यह कार्रवाई जीएसटी चोरी के खिलाफ प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती है। सतना के ज्वैलरी व्यवसाय में पिछले कुछ समय से जीएसटी नियमों के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**सतना, 28 नवम्बर.**पेंशनर्स के साथ अन्याय करने के विरोध में मुख्यमंत्री मध्यंप्रदेश शासन को संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष सतना के प्रतिनिधि अधिकारी को प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएसन के साथ सौपा । ज्ञापन सौपने में हित रक्षक संघ के विजएन्द्र सिंह गणेश खरे आर पी त्रिपाठी पी डी सिंह ए पी वर्मा यस पी अग्निहोत्री विनीत पाण्डेय ए के निगम यम यस मिश्रा पी डी शुक्ला आर ए सिंह डी आर सिंह के के पाण्डेय आदि रहे.

# पोइंधा गांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली 20 फीट गहरे तालाब में गिरी

▸ ढाई घंटे की सर्चिंग के बाद मिला ड्राइवर का शव

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवम्बर. कोलगवां थाना अंतर्गत बाबूपुर चौकी क्षेत्र के पोइंधा गांव में शुक्रवार दोपहर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिर गई। हादसा ट्रैक्टर बैक करते समय हुआ है। घटना में ड्राइवर नन्हें उर्फ प्रेम सिंह ( उम्र लगभग 32 वर्ष, निवासी पोइंधा ) की मौत हो गई।**



एसडीईआरएफ की टीम ने लगभग ढाई घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद शव तालाब की गहराई से बरामद कर लिया है। तालाब 5 एकड़ के एरिया में है जिसकी गहराई लगभग 20 फीट है। इसी कारण सर्च करने में काफी दिक्कत आ रही थी। ग्रामीणों ने दोपहर में तालाब किनारे वाहन के उतरने के निशान देखे, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बाबूपुर चौकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से चालक की तलाश शुरू की।

### बुलाई गई क्रेन

कुछ देर बाद पुलिस द्वारा एक क्रेन मंगवाई गई। जिसकी सहायता से ट्रैक्टर-ट्रॉली को तालाब से बाहर निकाला गया। इसके साथ ही एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की विशेषज्ञ टीम को भी मौके पर बुलाया गया।

# अमरपाटन के पास नहर में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

## पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद निकाला शव



नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवम्बर. मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर मैहर रोड स्थित एक नहर में लगभग 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। यह शव पेट्रोल पंप के पास आशीर्वाद ढाबा के निकट नहर में तैरता हुआ पाया गया।**

स्थानीय लोगों ने तत्काल अमरपाटन पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल-112 और थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला। पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक कई महीनों से इसी क्षेत्र में रहकर भीख मांगता था। उसकी भाषा किसी को समझ नहीं आती थी, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। वह आशीर्वाद ढाबे के पास ही खाता और सोता था।

### मिले फटे पुराने कपड़े

थाना प्रभारी अमरपाटन विजय सिंह परस्ते के अनुसार, शव एक दिन पुराना प्रतीत होता है। मृतक के पास से फटे पुराने कपड़े मिले हैं। शव को शिनाख्त के लिए सुरक्षित रखा गया है और मौत के कारणों की जांच जारी है।

# सतना व मैहर में नरवाई जलाने की 944 घटनाएं

## सैटेलाइट मैपिंग में आई सामने

नवभारत न्यूज

**सतना 28 नवम्बर. पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषत: धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।**

जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 2500 रूपये प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 5000 रूपये प्रति घटना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 15000 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति देय होगी।

### रामपुर में सर्वाधिक 230 घटनाएं

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के समस्त अनुविभागों में 26 नवम्बर 2025 तक 944 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। जिसमें रघुराजनगर में 62, कोठी में 40, रामपुर बघेलान में 230, कोटर में 71, मझगवां में 11, बिरसिंहपुर में 47, नागौद में 166 तथा उचेहरा में 136 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार मैहर जिले की तहसील अमरपाटन में 72, मैहर में 97 तथा रामनगर में 12 नरवाई जलाने की घटनायें रिकार्ड की गई है।



# सांसद खेल महोत्सव में क्रिकेट की पिच पर युवाओं ने दिखाया दमखम

## बिरसिंहपुर में 4 और मैहर में खेले गए 9 मुकाबले

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवम्बर. सतना लोकसभा क्षेत्र के सतना और मैहर जिले में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 ने अपने तीसरे दिन भी युवाओं के बीच अपार उत्साह और जोश का परिचय दिया।**

इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से एकजुट करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित क्रिकेट मैचों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। बिरसिंहपुर और मैहर के खेल मैदानों पर खेले गए मुकाबलों में स्थानीय टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। सांसद खेल महोत्सव सतना सांसद गणेश सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। बिरसिंहपुर के गैबीनाथ स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के तीसरे दिन चार क्रिकेट मैच खेले गए। सभी मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे और दर्शकों ने अंतिम गेंद तक खिलाड़ियों का जमकर समर्थन किया। पहला मैच जहां नयागांव और मझगवां के बीच हुआ, जिसमें मझगवां ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

# एकेएस यूनिवर्सिटी के लाइफ़ साइंस फैकल्टी में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना। एकेएस विश्वविद्यालय की लाइफ़ साइंस फैकल्टी के जैव-प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित फ्रेशर्स पार्टी शनिवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई।**



कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कुलगुरु प्रो. बी.ए. चोपड़े, डीन प्रो. कमलेश चौरे, विभागाध्यक्ष प्रो. अश्विनी वाऊ, फैकल्टी एडवाइज़र डॉ. जी.पी. रिछारिया तथा आईकेएस समन्वयक प्रो. आर.एल.एस. सिकरवार ने की। समारोह में कुलगुरु प्रो. चोपड़े सहित वरिष्ठ शिक्षाविदों—डॉ. आर.एल.एस. सिकरवार, डॉ. जी.पी. रिछारिया, प्रो वाइस चांसलर (डेवलपमेंट) डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, इंजीनियरिंग प्रशासन प्रमुख इंजीनियर आर.के. श्रीवास्तव, डीन विधि संकाय डॉ. सुधीर जैन, डॉ. सूर्यनाथ सिंह गहरवार और डॉ. एल.एन. शर्मा—ने उपस्थित होकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया। फ्रेशर्स पार्टी का संयोजन लाइफ़ साइंस क्लब के समन्वयक प्रो. दीपक मिश्रा और सहायक प्राध्यापक डॉ. विवेक कुमार अग्निहोत्री ने किया, जबकि मंच संचालन बी.टेक. बायोटेक पाँचवें सेमेस्टर की छात्राएँ नैंसी सोनी और आस्था सिंह ने संभाला।

## विक्रम राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवम्बर. जिला खेल कबड्डी एकेडमी सतना का खिलाड़ी विक्रम डोहर खिलाडी मध्यप्रदेश की टीम और से राष्ट्रीय सब जूनियर चैम्पियनशिप सोनीपत हरियाणा में शामिल हुआ.**

प्रतियोगिता 27/11/2025 से 30/11/2025 तक आयोजित हो रही है। यह जानकारी सचिव मिथलेश चतुर्वेदी ने देते हुए बताया कि टीम में मध्यप्रदेश के 14 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिला खेल कबड्डी एकेडमी के संरक्षक गुलाब शुक्ला, अध्यक्ष जितेंद्र जैन, रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा, करण मंगनानी, महेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष कमलेन्द्र सिंह, सह सचिव अशीष प्रताप सिंह सहित जिला खेल कबड्डी एकेडमी के के सभी खिलाडियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।




# उड़ान करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का हुआ सार्थक आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवम्बर. अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, करही कैंपस, सतना में रविवार, 23 नवंबर 2025 को उड़ान करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।**

मुख्य कार्यालय द्वारा पूर्णत: प्रायोजित इस एक दिवसीय ऑफ़लाइन कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 8 से 12 के विद्यार्थियों को उनके भविष्य की राह चुनने में सशक्त बनाना था। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विद्यालय के ऑडिटोरियम में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यशाला का संचालन प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और करियर कोच अरबाज़ वेपारी तथा डिप्टी मैनेजर गौरव गौर द्वारा किया गया। अरबाज़ वेपारी, जिन्होंने ऑर्गनिक केमिस्ट्री में मास्टर्स और स्न्रस्ह्व में रू.श्वस्र. किया है, लंबे समय से विद्यार्थियों और शिक्षकों को करियर मार्गदर्शन एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों में 2,500 से अधिक शिक्षकों और अनेक किशोरों को प्रभावित कर चुके श्री वेपारी अपनी सहज संवाद शैली, गहन समझ और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं, रुचियों और भविष्य के अवसरों को समझने के लिए प्रेरित किया गया। संवादात्मक माहौल में आयोजित इस सत्र में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

# श्रीमद् भागवत कथा अवधा भक्ति की सांसारिक रूप का मूल मंत्र

नवभारत न्यूज

**सतना, 28 नवम्बर. ग्राम बम्होरी में श्रीमद्भागवत कथा का तृतीय दिवस भाजपा सतना विधानसभा ग्रामीण पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा शैलू के निज निवास में दिव्य आध्यात्मिक आनंद और गहन भक्ति-भाव के साथ सम्पन्न हुआ।**



परम पूज्य गुरुदेव के पावन सान्निध्य में श्रीकृष्ण भगवान की अद्भुत लीलाओं, जीवनङ्कआदर्शों और धर्मङ्कमार्ग के सारभूत उपदेशों का रसपूर्ण वर्णन हुआ, जिसने उपस्थित जनमानस को हृदय से भाव-विह्वल कर दिया। आज के पावन दिवस में कपिल उपाख्यान तथा भगवान माधवमुकुंद के दिव्य चरित्र का अलौकिक गुणगान किया गया और गुरुदेव ने वेदांत दर्शन की अद्भुत झांकी कराते हुए सभी को आध्यात्मिक सत्य, श्रद्धा और आत्मज्ञान की दिशा में उन्मुख किया। अपने प्रवचन में गुरुदेव ने भक्ति की महिमा, सत्संग के महत्व तथा सदाचार संयम को जीवन की आधारशिला बताते हुए प्रत्येक श्रोता को आत्मकल्याण के पथ पर प्रेरित किया। आज के जजमान ने श्रद्धा, विश्वास और निष्ठा के साथ देव-विधानों का पालन कर कथा की आध्यात्मिक गरिमा में विशिष्ट वृद्धि की। इस पावन आयोजन की गरिमा को राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय , महापौर योगेश ताम्रकार, सहकारिता प्रकोष्ठ के सभापति रमाकांत पयासी, जिला महामंत्री रमाकांत गौतम, जिला मंत्री संजीव द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष अग्निवेश शुक्ला, राजेश तिवारी (राजे चूली), महेन्द्र मिश्रा, कैलास सुधे उपस्थित हुए.

## एक नजर में



### महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि मनाई गई


**सतना।** ऑल इंडिया सैनी माली समाज के सतना जिला अध्यक्ष शिवम बढ़ोलिया के द्वारा सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा टाउन हॉल भवन सतना में माल्यार्पण कर महात्मा ज्योतिबा राव फुले के पुण्यतिथि पर उनको नमन किया । इस अवसर पर रीवा संभाग उपाध्यक्ष श्रीमती शीलम सैनी, सतना जिला अध्यक्ष शिवम बढ़ोलिया, दीपक सैनी एवं पुरूषोत्तम माली जिला उपाध्यक्ष माली समाज अन्य सामाजिक भाई बहन उपस्थित रहे।

### 25 वें जन्मदिन पर आकाश ने किया 25 वां रक्तदान



**सतना ।** अपने बड़े बुजुर्गों एवं अपने जन्मदिन पर मानव सेवार्थ शहर के अनेक लोग रक्तदान कर न केवल अपना जन्मदिन मनाते हैं बल्कि साथ साथ दूसरों के जीवन मे भी खुशियाँ बिखेरने में पीछे नहीं रहते। इन्ही में से एक है युवा समाजसेवी एवं समिति के विशेष सहयोगी आकाश बनर्जी जिन्होंने 26 नवंबर बुधवार को अपने 25 वे जन्मदिन पर 25 वा रक्तदान कर अपने साथ दूसरे का भी दिन विशेष बना दिया।

### श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**सतना ।** स्वर्गीय श्रीमती किशोरी बाई तिवारी जी की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन अमिलपुर में तिवारी परिवार द्वारा 26 नवंबर से किया जा रहा है। कथा वाचक भागवताचार्य पं. प्रेमलाल शास्त्री हैं। कार्यक्रम अनुसार 30 नवंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 3 दिसंबर कथा विश्राम एवं हवन ,गुरुवार 4 दिसंबर को ब्राह्मण भोजन भंडारा व 5 दिसंबर को दाधीकर्दम आयोजित होगा।

### मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 82 भर्ती

**सतना, ।** अग्रवाल समाज महासभा एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा 28 नवंबर शुक्रवार को समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। नि:शुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ प्रात: 9:00 बजे महाराजा अग्रसेन जी एवं पूज्य संत स्वामी रणछोड़दास दास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन चित्रकूट प्रवास पर यू. के. से पधारे सेठ बच्चू भाई एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा किया गया।

